हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]






### मुख्यमंत्री साय ने बेमेतरा जिलेवासियों को दी 140 करोड़ से अधिक के विकास की सौगात

# विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाना शासन की पहली प्राथमिकता : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पहली बार बेमेतरा शहर में आगमन हुआ। उन्होंने अपने प्रथम प्रवास पर जिलेवासियों के लिए 140 करोड़ 96 लाख 9 हजार से अधिक की विकासात्मक सौगात दी। मुख्यमंत्री

- बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 47 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

ने बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 47 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया, जिसमें 27 कार्यों का भूमिपूजन एवं 20 कार्यों का लोकार्पण शामिल था।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, सांस्कृतिक मंत्री राजेश अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद विजय बघेल, छग रजक कर बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू साजा विधायक ईश्वर साहू, आईजीपी दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ,जनपद पंचायत की अध्यक्ष हेमा जयप्रकाश पूर्व विधायक अवधेश चंदेल पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, राजेंद्र शर्मा,तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू भी मौजूद थे मंच संचालन हर्षवर्धन तिवारी ने किया । मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता और जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शासन का लक्ष्य राज्य में तेजी से विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद से ही जनता से किए गए वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस दिया गया है और 18 लाख आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्राहकों से 6500 प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी की जा रही है तथा आम नागरिकों को अयोध्या तीर्थधाम का दर्शन कराने का अवसर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि शासन पारदर्शिता और संकल्पबद्धता के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं, जिससे जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों को पूरा करते हुए ग्राम अमोरा में शिवनाथ नदी पर बैराज निर्माण एवं जलसिंचाई सुविधा विकसित करने की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही ग्राम बसनी में मिडिल स्कूल स्थापना की भी घोषणा की, जिससे ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और सिंचाई दोनों क्षेत्रों में नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांवों को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव,सांसद विजय बघेल,मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू ने भी सभा को संबोधित किए।

**विभागीय प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन, योजनाओं की सराहना की:** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन ▶▶| शेष पेज 13 पर



### योजनाओं के लाभार्थियों को मिला सम्मान और सहयोग

कार्यक्रम के दौरान हितग्राही सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से ही हितग्राहियों को प्रत्यक्ष लाभ का प्रतीक स्वरूप चेक एवं चाबियाँ प्रदान कीं। इस अवसर पर वय वंदन योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को लाभ प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को गृह प्रवेश की चाबियां सौंपी गईं। वहीं, महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह को 3 लाख की राशि का चेक प्रदान किया गया।



## खबर संक्षेप

### डिप्टी डायरेक्टर जनरल संतोष का बीएसपी दौरा

**भिलाई।** इस्पात मंत्रालय की डिप्टी डाईरेक्टर जनरल (डीडीजी) संतोष ने बुधवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया और इस्पात निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं काअवलोकन किया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र और ईडी राकेश कुमार, सीजीएम देवदत्त सत्पथी उनका स्वागत किया।

संयंत्र भ्रमण के दौरान संतोष के साथ सीजीएम तुषार कांत, महाप्रबंधक एवं डीएसओ पुष्पा एम्ब्रोज़ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीडीजी ने मॉडेक्स इकाइयों में विशेष रुचि प्रदर्शित की और ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तथा यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग तथा रोलिंग मिल प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल का सजीव दृश्य देखा, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में क्रूड स्टील के उत्पादन की प्रक्रिया को निकट से समझा तथा यूनिवर्सल रेल मिल में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल के रोलिंग को देखा।

### बीएसपी में कॉन्ट्रैक्टरों की हुई बैठक, ली शपथ

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के अनुबंध एवं बजट विभाग (सीबीडी) द्वारा सतर्कता विभाग के सहयोग से कॉन्ट्रैक्टरों की संवादात्मक बैठक का आयोजन सम्मेलन कक्ष में किया गया। सेवा अनुबंधों पर सभी प्रतिभागियों द्वारा सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण और संविदात्मक लेन-देन में पारदर्शिता, नैतिकता और ईमानदारी को बनाए रखने का संकल्प लिया।

सीजीएम सुनील सिंघल ने कहा कि सतर्कता विभाग अब ठेका कर्मियों को भी सतर्कता जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है, जिससे सतर्कता के दायरे का विस्तार हो और सभी हितधारकों में नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता बढ़े।

### साहू सभा के अध्यक्ष बने खेदराम और महिला उपाध्यक्ष रंजना

**भिलाई।** साहू मित्र सभा भिलाई नगर के त्रिवर्षीय चुनाव में खेदराम साहू एक बार फिर से अध्यक्ष चुने गए। साहू मित्र सभा भिलाई नगर में एक पद अध्यक्ष, दो पद उपाध्यक्ष और संगठन सचिव के दो पद पर चुनाव हुआ। चुनाव में 690 में से 307 मत खेदराम साहू को मिले। उपाध्यक्ष पद में परसराम साहू निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष रंजना साहू बनी। संगठन सचिव पद के लिए हीरा शंकर चुने गए। संगठन सचिव महिला पद पर दीपेश्वरी साहू निर्वाचित हुई। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए होगा। साहू मित्र सभा में शांतिपूर्ण और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मां कर्मा मंदिर में कर्मा माता का पूजा-अर्चना कर उनके प्रशस्त मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया। चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमोलदास साहू और सहायक उपेंद्र साहू, उन्मेष साहू थे।

### व्यापारियों और ग्राहकों को होगी सुविधा, बाजारों में बढ़ेगी सुरक्षा

**भिलाई।** अक्टूबर से दिसबंर तक सभी जाति और धर्मो के लोगो के तीज त्यौहार आने वाले है। जिसके लिए बाजार सज चुके है। करवाचौथ, सोने चांदी के खरीदी का विशेष दिन पुष्य नक्षत्र फिर धनतेरस और दिवाली सहित कई बड़े-छोटे पर्व पर खरीदी के लिए लोगो का हूजूम बाजार में उमड़ेगा। इस दौरान दुकानदारों और खरीददारों को असुविधा से बचाने कई सुरक्षा के इंतजाम जरुरी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों के समूह ने पुलिस विभाग से मिलकर सुरक्षा की मांग रखी। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भिलाई के पदाधिकारी आज दुर्ग आई जी और एस पी से मिले। त्यौहारी सीजन के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पदाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग रखी। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने व्यापारियों की ओर से बाजारों में बंदूकधारी पुलिस बल की तैनाती, नियमित पुलिस गश्त और ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि त्योहारी माहौल में उपभोक्ता और व्यापारी दोनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# एसएसपी ने ली पुलिसवालों की क्लास, बेस्ट पुलिसिंग के लिए फिट रहना जरूरी

## 90 दिन के भीतर सभी प्रकरण का निराकरण नहीं हुआ तो लगेगी क्लास, हो सकती है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बुधवार को पाटन अनुभाग की समीक्षा बैठक लेने के साथ साथ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को फिट रहने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि फिट रहोगे तभी अपराध और अपराधी को पकड़ पाओगे। उन्होंने सभी को चेतावनी दी है कि कोई प्रकरण 90 दिन से अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। ऐसा होने पर संबंधित जांच अधिकारी से जवाब मांगा जाएगा।

एसएसपी विजय अग्रवाल ने पाटन अनुविभाग के थाना प्रभारियों एवं विवेचकों से लंबित अपराध तथा चालान के निराकरण के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने सभी को थाना उतई परिसर में बुलाया था। यहां प्रत्येक थाना प्रभारियों और विवेचकों से उनके पास विवेचना निराकरण और लंबित अपराधों व चालानों की केस डायरी का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने जमकर नाजारगी जताई और स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कोई भी प्रकरण 60 या 90 दिवस के भीतर निराकरण नहीं हुआ तो जांच अधिकारी की जांच शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रकरण के निराकरण में या आरोपी की धरपकड़ के लिए दूसरे राज्य पुलिस टीम को भेजना है या अन्य किसी प्रकार की मदद चाहिए तो उसकी जानकारी दें और कार्यालय से नियमानुसार अनुमति लेकर उसे पूरा करें। समीक्षा बैठक में एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, थाना प्रभारी उतई महेश ध्रुव, थाना प्रभारी अमलेश्वर बसंत बघेल, थाना प्रभारी पाटन अनिल साहू, थाना प्रभारी रानीतराई पुरुषोत्तम कुर्रे, थाना प्रभारी जामगांव आर फागूराम साहू सहित अन्य विवेचक गण उपस्थित रहे।



### हर फिरयादी की समस्या सुनकर करें निराकरण

एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि थानों में आने वाले किसी भी फिरयादी की ये शिकायत नहीं आनी चाहिए कि उसकी समस्या या शिकायत को नहीं सुना गया। हर रिपोर्टकर्ता, फरियादी के थाना में आने पर उसकी सुनवाई कर समस्या का निराकरण किया जाना है।

### बीट प्रभारी के पास होनी चाहिए हर निगरानी गुंडा बदमाश की कुंडली

निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, गैंग हिस्ट्रीशीटरों को लेकर एसएसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी के ऊपर किसी भी तरह की मुरव्वत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर थाना क्षेत्र में वहां के बीट प्रभारी के पास उसके बीट के गुंडा बदमाशों की कुंडली होनी चाहिए। साथ ही लगातार उनके चाल चलन गुजर बसर और आय के स्त्रोतों के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए। यदि बदमाश जेल में है तो तो जेल जाकर उस पर मॉनिटरिंग करना चाहिए।

### बिना सीटबेल्ट और हेलमेट के वाहन चालकों पर करें कार्रवाई

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि पाटन क्षेत्र की सड़कों पर गाय मवेशी के बैठे होने से सड़क दुर्घटना बढ़ गई हैं। दोपहिया वाहन चालक बिन हेलमेट के वाहन चलाते हैं और दुर्घटना होने पर उन्हें गंभीर चोटें आती हैं। इसलिए सभी दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और सीट ब्लेट का उपयोग करना जरूरी है। ऐसा ना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले आईआर आफिस के सामने की नारेबाजी

# बोनस नहीं मिलने से गुस्साए बीएसपी ठेका श्रमिकों ने मुर्गा चौक पर किया जंगी प्रदर्शन

## दिवाली पूर्व बीस प्रतिशत बोनस की पूरी राशि मजदूरों के खाते में जमा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अब तक बोनस भुगतान नही किए जाने से गुस्साए भिलाई इस्पात संयंत्र के सैकड़ों ठेका मजदूरों ने बुधवार को बीएसपी के मेन गेट के निकट आईआर आफिस के सामने सेक्टर एक मुर्गा चौक जंगी प्रदर्शन किया। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के बैनर तले श्रमिकों ने बोनस को लेकर ठेकेदारों के खिलाफ असंतोष जताते हुए त्योहार के पूर्व बोनस भुगतान कराने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

इंटक यूनियन द्वारा अध्यक्ष संजय साहू की अगुवाई में बीएसपी में कार्यरत सैकड़ों मजदूर सुबह सेक्टर एक चौक के निकट एकत्र हुए। रैली की शक्ल में मुर्गा चौक पहुंचे। यहां बैनर और झंडे लहराते हुए प्रदर्शन किया। गुस्साए मजदूर यूनियन नेताओं के साथ बोनस को लेकर ठेकेदारों व प्रबंधन की नीम बेहोशी व भेदभाव के खिलाफ नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम आईआर के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने सभी ठेका मजदूरों को दिवाली पूर्व बीस प्रतिशत बोनस भुगतान कराने और बोनस की पूरी राशि श्रमिकों के खाते मे जमा कराने सुनिश्चित करने की मांग की गई । प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि बीएसपी के उत्पादन, रखरखाव एवं लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण है। इन्हीं श्रमिकों के परिश्रम से संयंत्र निरंतर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। नियमित कर्मचारियों को बोनस का भुगतान किया जा चुका है लेकिन अब तक ठेका श्रमिकों को बोनस प्रदान नहीं किया गया है। ठेकेदारों व प्रबंधन की सुस्ती से मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है।





### दी आंदोलन की चेतावनी

मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि बीएसपी का 70% कार्य ठेका श्रमिकों द्वारा संपन्न किया जाता है। तेजी से रिटायर हो रहे नियमित कर्मचारियों के बीच अल्प वेतन व अल्प संसाधनों में काम करने वाले इन्हीं मेहनतश मजदूरों पर बीएसपी का भविष्य टिका है। इसके बाद भी ठेका मजदूरों को हर साल बोनस के लिए तरसना पड़ता है। जल्द सभी मजदूरों को बीस प्रतिशत बोनस नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

### जीएम ने धनतेरस से पूर्व सभी को पूरा बोनस का दिया आश्वासन

प्रदर्शन में बीएसपी के महा प्रबंधक जेएन ठाकुर ने आकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के मांगों पर कहा की प्रबंधन स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की मांगों पर ठेका कंपनियों से चर्चा कर निर्देश दे दिया गया है और यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि धनतेरस के पूर्व सभी ठेका श्रमिकों के बैंक में बोनस दे दिया जाएगा। प्रदर्शन में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के उपाध्यक्ष सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, आर दिनेश, मनोहर लाल, संतोष ठाकुर, केएल लहरे, सुरेश दास टंडन, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दौऊलाल, यशवंत यादव, मनहरण, नारायण, नरेंद्र, इंद्रमणि, बलराम वर्मा, के रामू ,जय कुमार, नवीन कुमार, कामता पटेल, संजू मानिकपुरी, कृष्ण कुमार वर्मा, संजय कुमार खेलकर, नरेंद्र कुमार, टोमन लाल, धनुष कुमार कार्यकारिणी के सदस्य प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

# भीख मांगने के बहाने घूम-घूम कर चोरी करने वाला दंपति हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई भट्टी पुलिस ने घूम-घूम कर भीख मांगने के बहाने चोरी करने वाले दंपति को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किया गया है। दोनों लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। भट्टी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 6 अक्टूबर को थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 6 अक्टूबर की सुबह वो नहाने गया था। उसका लैपटॉप वहीं कमरे में रखा था। उसकी मां किचन में दूसरा काम कर रही थी। इसी दौरान कोई घर का दरवाजा खुला देखकर घुसा और लैपटॉप लेकर चला गया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घूम घूम कर भीख मांगने वाले एक पुरुष और महिला रेलवे स्टेशन दुर्ग में कुछ लोगों को लैपटॉप दिखाकर उसे बेचने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने संदेह के आधार पर हेमंत सोबर और नागमणी सोबर को हिरासत में लिया। पुछताछ में उन्होंने बताया कि वो लोग गजरा चौक के पास थाना सिरगिटटी बिलासपुर के रहने वाले हैं और दुर्ग भिलाई शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर भीख मांगते हैं और इसी दौरान उन्होंने कई घरों का दरवाजा खुला पाकर वहां रखा सामान भी चोरी स्वीकार किया।

### मिट्टी में गाड़ कर छिपा दिया था चोरी का सामान

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी का मोबाइल और लैपटॉप दुर्ग रेल्वे स्टेशन के ओवर ब्रिज के नीचे जमीन में गड्ढा करके छिपा दिया है। पुलिस उन्हें अपने साथ वहां ले गई और उनके बताए जगह पर खोदकर 8 मोबाईल और एचपी कंपनी का लैपटॉप जब्त किया।

## सीजेआई पर जूता फेंका माकपा ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), दुर्ग जिला संगठनिक समिति, ने देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की है। मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में पंजीकृत, जूता फेंकने वाले अधिवक्ता पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। दुर्ग जिला सांगठनिक समिति के एसपी डे ने जारी बयान में कहा कि मुख्य न्यायाधीश का पद एक संवैधानिक पद है और खुली अदालत में सनातन धर्म का नारा लगाते हुए जूता फेंक कर उन पर किया गया यह हमला भारत की पूरी संवैधानिक व्यवस्था का घोर अपमान है। यह घटना हिंदुत्व के नाम पर बहुसंख्यक सांप्रदायिक ताकतों द्वारा समाज में फैलाए जा रहे सांप्रदायिक जहर का एक और उदाहरण है, जिसका मकसद भारत के लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त कर एक ऐसी तानाशाही व्यवस्था कायम करना है । माकपा ने मांग की है कि केंद्र सरकार मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करे, असहिष्णुता फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों से सख्ती से निपटे तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करने पर्याप्त कदम उठाए।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- क्रेडिट लिमिट बढ़ाने दिया था आरोपी ने युवक को झांसा

नेवई थाना में युवक से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1.95 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नेवई पुलिस ने बताया कि हिन्द नगर रिसाली निवासी सुमित दिलीप मोदी (27 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 19 सितंबर की शाम 6.54 बजे उसे एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल उठाने पर कॉलर ने कहा कि वह ऐक्सिस बैंक से बोल रहा है। उससे क्रेडिट लिमिट के संबंध में बात हुई थी। प्रार्थी को कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप ऐक्सिस बैंक का ऐप ओपन करके क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के ऑप्शन पर क्लिक करके क्रेडिट लिमिट को बढ़ा सकते हैं। प्रार्थी ने क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के ऑप्शएन पर टच किया, फिर तुरंत उसे एसएमएस से एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करते ही उसके नंबर पर एक ओटीपी आया। वह ओटीपी ऑटो फिल हो गया। इसके बाद उसके अकाउंट से 1 लाख 95 हजार 500 रुपए कट गए। उसे धोखाधड़ी का अहसास होने के बाद वो तुरंत साइबर हेल्पलाइन में कॉल किया और घटना के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करा कराई।

## स्ट्रीट डॉग ने भौंका तो युवक ने बेरहमी से पीटा, सोसाइटी वालों की एफआईआर

**भिलाई।** जामुल थाना में सोसाइटी के लोगों ने एक युवक के खिलाफ स्ट्रीट डॉग को बेरहमी से मारने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि सड़क 16 सेक्टर 2 निवासी आदर्श राय (29 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह आदर्श एनीमल वेलफेयर संस्था का अध्यक्ष है। बीती रात करीब 11 बजे उसे 32 एकड हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रतिमा सिंह ने सूचना दी कि हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ में एक स्ट्रीट डॉग को विकास सिंह रात करीब 10.30 बजे बुरी तरह से मार रहा है। पड़ोस में रहने वाली गरिमा ने उसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद वो लोग जामुल थाने पहुंचे । मारपीट के दौरान एक महिला ने जो वीडियो बनाया था उसे पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ एनीमल वेलफेयर संस्था की शिकायत पर धारा 325 बीएनएस एवं पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# सीएम से मिला बीएमएस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मुख्यमंत्री से मिल कर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने श्रमिक एवं कर्मचारियों की समस्यायों से उन्हें अवगत कराया और शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु समुचित निर्देश देने का अनुरोध किया है। दुर्ग जिला भारतीय मजदूर संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष रवि चौधरी तथा स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में निर्माणी संघ के महामंत्री देवेंद्र चन्द्राकार, वरिष्ठ नागरिक मंच के नलनीश मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव,भिलाई निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, ने मांग रखी जिसमें वर्तमान सेट अप में संशोधन कर कर्मचारी के पदोन्नति किया जाए। ,घोषणा पत्र के अनुसार शेष बचे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित , चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में मध्यप्रदेश के तर्ज़ पर 105 रूपया प्रति व्यक्ति के मान से लागू किया जाए। , केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ता शीध्र लागू करने, दैनिक वेतनभोगी की सेवाकाल को पेंशन में गणना किये जाने आदि शामिल है।

## दुर्ग सांसद विजय बघेल ने महोत्सव को लेकर किया सांसद ट्राफी का अनावरण

# सांसद खेल महोत्सव में दुर्ग संभाग से भाग लेंगे 4.80 लाख खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देशभर में शुरू होने जा रहे सांसद खेल महोत्सव को लेकर दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने सभी के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर दुर्ग संभाग में अलग ही उत्साह का माहौल है। 4 लाख 80 हजार खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन के साथ पूरे देश में दुर्ग लोकसभा सबसे पहले स्थान पर है।

सांसद विजय बघेल ने यह जानकारी खिलाड़ियों के साथ ही आयोजन से जुड़े सभी लोगों से साझा की। उन्होंने इस मौके पर सांसद ट्राफी का अनावरण किया और पूरे लोकसभा के लोगों को इस खेल महोत्सव में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। भिलाई में हुए इस ट्राफी अनावरण समारोह में विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक ललीत चंद्राकर से लेकर बेमेतरा की जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने अपने-अपने विधानसभा के खिलाड़ियों की बेहतर परफार्मेंस के बारे में बताया और इस ट्राफी को अपने-अपने विधानसभा के लिए जीतने का दावा किया। सांसद बघेल ने सभी के साथ मिलकर दुर्ग लोकसभा को पूरे देश में अव्वल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने बताया कि जिस तरह पूरे देश की लोकसभाओं में खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की संख्या का अपडेट पीएमओ से मिला है, उसमें दुर्ग लोकसभा पूरे देश में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि यह स्पर्धा चार चरणों में आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों से लेकर महिलाओं, बुजुर्गों तक को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने सभी से अपील भी की, कि वे इस खेल महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और अपना टैलेंट दिखाएं। सांसद बघेल ने बताया कि जिस तरह अब तक दुर्ग लोकसभा खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन में सबसे आगे हैं उसी तरह 25 दिसंबर को इसके समापन अवसर पर भी दुर्ग लोकसभा का जयंती स्टेडियम भिलाई में भव्य समारोह होगा जो देश में सबसे भव्य होगा।




## रंगोली और रील प्रतियोगिता में दिखी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ रचनात्मकता

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालयए जुनवानी भिलाई के सूक्ष्मजैविकी और जैवतंत्रज्ञान विभाग द्वारा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से बायोरिमेडिएशन और माइक्रोस्कोपी विषय पर रंगोली एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रो कुमुद कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर जया सोनेकर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई से उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिव्यक्ति और रचनात्मकता की सराहना की।

# पति की लंबी आयु व स्वस्थ जीवन के लिए सुहागिन आज रखेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

करवा चौथ इस बार आज 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजार पूरी तरह तैयार है। खासकर सराफा, लाइफ स्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा पूजन सामग्री और फूलों की दुकानों में विशेष तैयारियां की गई हैं। करवा चौथ को लेकर एक दिन पहले गुरुवार को बाजारों में सामानों की खरीदारी के लिए चहल पहल बढ़ गई है। इसके लिए फल, चलनी तथा अन्य पूजन सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर भीड़ जुटी थी। करवा चौथ पर व्रत रहने वाली मटिया निवासी ज्योति यादव ने बताया कि सुहागिन अपने पति की लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन के लिए निर्जला रहकर चंद्रमा की पूजा-अर्चना फल, पकवान आदि से करती हैं। चलनी से चंद्रमा का दर्शन करती हैं। इसके उपरांत अपने पति से भी आशीर्वाद लेती हैं।

- करवा चौथ पर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल, लाल साड़ियों की बढ़ी डिमांड

उनका मानना है कि इससे चंद्र दोष दूर होता है।वही करवा चौथ को लेकर मिट्टी से लेकर चांदी के करवे से बाजार सज चुका है। सराफा व कपड़ा व्यापारियों ने बताया कि इस बार डिजायनर साड़ी व गहने की मांग बढ़ी है। कपड़ा व्यापारी ने बताया कि करवा चौथ को लेकर साड़ियों की मांग बढ़ गई है। इस पर्व पर सबसे अधिक लाल साड़ी की डिमांड रहती है। इसके लिए सूरत, कोलकाता, जयपुर समेत अन्य जगहों से खास साड़ियां मंगवाई गई है। वहीं सराफा कारोबारी सोनी ने बताया कि महिलाएं लाइट वेटेड व डिजाइनर ज्यादा पसंद करती हैं, इसलिए मुंबई व सूरत से गहने मंगाए गए हैं। इसके अलावा फूल बाजार में भी विशेष तैयारी की गई है।



### चांद को दिया जाता है अर्घ्य

ज्योतिष अचार्य बोसेन्द्र पांडेय ने बताया कि इस दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और पूरे दिन पूजा-अर्चना कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करती हैं। इस पावन पर्व पर चांद के दर्शन का विशेष महत्व होता है, इसलिए व्रती महिलाएं पूरे दिन चांद निकलने का बेसब्री से इंतजार करती हैं।



### करवा चौथ को लेकर सजा बाजार

**थान खम्हरिया।** नगर में करवा चौथ पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया, जाने वाले इस त्यौहार के लिए बाजारों में रौनक बढ़ गई है। महिलाएं अपने पति की लंबी आयू और अच्छे स्वास्थ्य की कामना को लेकर या व्रत रखती है। यह पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। पर्व के लिए महिलाओं ने सजने, संवरने की तैयारी भी शुरू कर दी है। बाजारों में करवा चौथ में आने वाली पूजा सामग्री की दुकानें सज गई है। इस दिन विवाहित महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को चंद्रमा की अर्घ्य देकर और चन्नी से चंद्रमा को देखने के बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोलती है। लेकिन वर्तमान में परिस्थितिया बदल चुकी है। यह त्यौहार पति-पत्नी के बीच और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था। जिससे उन्हें अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिला था। ग्रामीण, शहरी क्षेत्र की महिलाएं परंपरा के अनुसार मिट्टी के करवो की खरीदारी कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### अहिवारा में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ 10 को

**दुर्ग।** अहिवारा क्षेत्र में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ 10 अक्टूबर, को वार्ड क्रमांक 4 नगर पालिका परिषद अहिवारा में स्थित रैन बसेरा परिसर में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव एवं सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में संपन्न किया जाएगा।

### बिजली बिल बनी समस्या

**दुर्ग।** शहर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बिजली सब्सिडी नीति पर तत्काल पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में बिजली बिलों में अचानक दोगुनी वृद्धि से आम जनता विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को राज्य की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ा बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ में बिजली की बढ़ती मांग और उत्पादन लागत के कारण बिजली दरों में वृद्धि हुई है, लेकिन सब्सिडी में कटौती या अपर्याप्त समीक्षा ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है।

## कार्यक्रम

### एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

# लोकतांत्रिक मूल्य है नेतृत्व और जिम्मेदारी की दिशा में एक सशक्त कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में आयोजित यूथ पार्लियामेंट" कार्यक्रम में छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी विचारशील बहस और तर्कपूर्ण चर्चा से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रसार, नेतृत्व कौशल का विकास और जिम्मेदार नागरिकता की भावना का संचार करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बृजमोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीत राजोरिया, प्राचार्य गिरीश कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. शिव कुमार तिवारी, शैक्षणिक समन्वयक नीता रायचा, सहायक उप-प्रधानाचार्या गायत्री कसेरा तथा हेडमिस्ट्रेस स्मृति शाही भी उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलमय वातावरण में हुआ।

यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा संचालित "राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2025" के अंतर्गत देश के अनेक विद्यालयों में आयोजित किया जाता है। सभी सम्मिलित प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा तथा विद्यालय द्वारा प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए- सर्वोत्तम वक्ता बालक : अर्णव गौतम कक्षा ग्यारहवीं और अक्षत तिवारी कक्षा ग्यारहवीं, सर्वोत्तम वक्ता बालिका : संस्कृति दीक्षित कक्षा बारहवीं, यूथ पार्लियामेंट का यह मंच युवाओं को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने, संसद की कार्यविधि को करीब से जानने और सामाजिक समस्याओं पर बहस करने का अवसर प्रदान करता है। इसका लक्ष्य छात्रों में नेतृत्व कौशल विकसित करना, आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना और युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रेरित करना है।



**सर्वोत्तम संसद सदस्य : हरजोत सिंह गुम्बर कक्षा नवमी ने**

आदर्श युवा संसद कार्यक्रम युवाओं, समाज के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले लोगों और सरकार के बीच एक साझा मंच प्रदान करके सेतु का कार्य करता है। यह राजनीतिक सुधारों, संसदीय गतिविधियों, नीति निर्माण, शिक्षा और रोजगार पर स्वस्थ चर्चा को बढ़ावा देता है। सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने से युवा संसद के प्रतिभागी मतभेदों की सराहना और सम्मान करना सीख सकते हैं तथा विचार-विमर्श और चर्चा के लिए उत्पादक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकते हैं, भले ही विचार या परिप्रेक्ष्य भिन्न हों।

इस यूथ पार्लियामेंट में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न मंत्रालयों और विपक्षी पदों की भूमिका निभाई।

जिसमें प्रधानमंत्री में गुनगुन वर्मा कक्षा ग्यारहवीं, विदेश मंत्री अर्णव गौतम कक्षा ग्यारहवीं, गृह मंत्री शिवानी पटेल कक्षा दसवीं, स्वास्थ्य मंत्री जयदीप साहू कक्षा ग्यारहवीं, महिला एवं बाल विकास मंत्री अवनी देवांगन कक्षा दसवीं, युवा और खेल मंत्री काव्या शर्मा कक्षा ग्यारहवीं, वित्त मंत्री श्रद्धा साहू कक्षा दसवीं, वाणिज्य और उद्योग मंत्री काव्या दुबे कक्षा बारहवीं शिक्षा मंत्री किरन मोटवानी कक्षा ग्यारहवीं, रक्षा मंत्री हितेश कक्षा दसवीं, रेल मंत्री वासू तिवारी कक्षा दसवीं, राज्य मंत्री में तनिष्क शर्मा, समिथा केके, वन और कृषि दिशा जैन कक्षा बारहवीं, नेता प्रतिपक्ष संस्कृति दीक्षित कक्षा बारहवीं शामिल हैं।

# कलेक्टर ने ली धान खरीदी तैयारी की समीक्षा बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग प्रधान कार्यालय दुर्ग के सभागार में 8 अक्टूबर को अभिजीत सिंह कलेक्टर की अध्यक्षता में धान खरीदी तैयारी के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिया गया।

- कस्टम मिलिंग सहित अन्य विषयों पर चर्चा

बैठक में अभिषेक अग्रवाल अपर कलेक्टर, अनुराग भदौरिया खाद्य नियंत्रक, संदीप कुमार भोई उप संचालक कृषि सहित, हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भौमिक बघेल जिला विपणन अधिकारी, भूअभिलेख शाखा के अधिकारी तथा मंडी सचिव उपस्थित रहे। बैठक में फसल सर्वे, एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्रेषन, एकीकृत पोर्टल में डाटा कैरी फारवर्ड, धान खरीदी की अग्रिम तैयारी, विगत वर्ष के धान का उठाव, कस्टम मिलिंग आदि विषयों पर समीक्षा की गई। अधिकारियों को धान के फसल भौतिक सत्यापन करने निर्देशित किया गया। साथ ही किसानों से कहा गया कि जिन किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर अपना पंजीयन नहीं कराया है वे शीघ्र पंजीयन करावें तथा समिति में जाकर धान बेचने के लिए अपने नॉमिनी की जानकारी देवें। बैठक में जिला दुर्ग के बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधकों के साथ मुख्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहें।

### प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में अनामिका प्रथम

**दुर्ग।** भारत संचार निगम लिमिटेड की रजत जयंती के उपलक्ष्य में बीएसएनएल दुर्ग के तत्वावधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# रिसाली भाजपा मंडल की भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली भाजपा मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म पर कार्यशाला का आयोजन भारतीय जनता पार्टी रिसाली मंडल के द्वारा वीआईपी नगर रिसाली सामुदायिक भवन में किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, जिला मंत्री शैलेन्द्र सेंडे, रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ, अनुपम साहू उपस्थित रहें। संबोधन की शुरुआत में जिला मंत्री शैलेन्द्र सेंडे ने आत्मानिर्भर भारत की अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने जीएसटी सुधारों की महत्ता और उनके दूरगामी लाभों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार न केवल व्यापार को सुगम बनाते हैं। बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा जीएसटी में की गई यह कमी न केवल व्यापार जगत के लिए राहतकारी है, बल्कि आमजन के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। इससे व्यवसाय को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दशरथ साहू ने और आभार प्रदर्शन पार्षद सीमा साहू ने किया।

- व्यापारियों व उपभोक्ताओं को होगा लाभ

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, सविता धवस, सीमा साहू, ईश्वरी साहू, अजीत चौधरी, विकास कुलश्रेष्ठ, प्रेमचंद साहू, किरण साहू, शकुन्तला दास, सुनील साहू, खिलेश्वरी, धलेंद्र, संध्या साहू, रुक्मिणी साहू, करुणा यादव, ललित सिंह, कविता, सुजान तिवारी, ओंकेश्वरी मारकंडे, तरसेम कौर, केपी बघेल, कमलेश हिरवानी, सचिन गोस्वामी, प्रवीण सिंह, नरेन्द्र निर्मलकर, राणा नारखडे, मनहरन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौ हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र पदुमनगर, भिलाई-चरोदा जोन में 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। पूर्व से स्थापित 5 एमव्हीए के ट्रांसफार्मर को मिलाकर उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 10 एमव्हीए हो गई है। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया।

- पदुमनगर में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई

उल्लेखनीय है कि पॉवर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र पुदमनगर के लगभग 9465 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि से उम्दा, पदुमनगर, ड्रीम सिटी, एवरग्रीन, विश्व बैंक कॉलोनी, विट्ठलपुरम आदि क्षेत्र के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, अधीक्षण अभियंता जे जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता डीके भारती, एसके राय मौजूद थे।

# शहर के ब्लैक स्पॉट की समस्या होगी दूर, व्हाट्सअप पर मैसेज भेजें

दुर्ग। शहर में फैली गंदगी और ब्लैक स्पॉट की समस्या अब जल्द ही खत्म होने जा रही है। नगर निगम दुर्ग ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के स्थायी निवारण के लिए बड़ी पहल की है। अब कोई भी नागरिक अपने मोबाइल से सिर्फ एक व्हाट्सएप मैसेज भेजकर अपने आसपास के गंदे स्थानों की शिकायत दर्ज कर सकता है। इसके लिए राज्य स्तरीय एकीकृत व्हाट्सएप नंबर 91-851-900-9090 जारी किया गया है।

महापौर अलका बाघमार,आयुक्त श्री अग्रवाल एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने कहा कि यह पहल केवल सफाई नहीं, बल्कि जनजागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि दुर्ग शहर को प्रदेश के सबसे स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर शहरों की सूची में शामिल किया जाए।

### एक मैसेज में होगी सफाई

शहरवासी अब गंदगी या कचरा फैलने की शिकायत सीधे इस नंबर पर फोटो और स्थान की जानकारी के साथ भेज सकते हैं। संदेश मिलते ही नगर निगम का सफाई दल तुरंत मौके पर पहुंचेगा और कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता को कार्य पूर्ण होने की जानकारी भी दी जाएगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि यह व्यवस्था प्रदेशभर में शुरू की गई है ताकि ब्लैक स्पॉट की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके और नागरिकों को स्वच्छता में प्रत्यक्ष भागीदारी का अवसर मिले।

### शहर की स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी

महापौर अलका बाघमार ने कहा दुर्ग नगर निगम निरंतर स्वच्छता के लिए काम कर रहा है, लेकिन शहर को स्वच्छ और आकर्षक बनाए रखने में नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है। एक छोटी-सी सूचना भी बड़े बदलाव की शुरुआत बन सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गंदगी फैलाने के बजाय उसकी सूचना दें ताकि निगम दल समय पर पहुंचकर सफाई कर सके।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत चलया जा रहा है अभियान

यह पहल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का हिस्सा है। इस अवधि में नगर निगम द्वारा वार्ड-वार ब्लैक स्पॉट की पहचान, सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। निगम का लक्ष्य है कि दुर्ग शहर को जल्द ही ब्लैक स्पॉट मुक्त घोषित किया जाए।

# भाजपा के संगठन को मजबूती प्रदान करने में ओबीसी मोर्चा अग्रणी भूमिका

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, जिला भिलाई द्वारा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक साहू का बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय, प्रियदर्शिनी परिसर, भिलाई में हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद–विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, दीपक साहू, सांवला राम डाहरे, बृजेश बिचपुरीया, विरेंद्र साहू, खिलावन साहू, राजेंद्र नायक, तुलसी साहू, निर्मला यादव, सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष– पुरुषोत्तम देवांगन ने स्वागत भाषण सह प्रस्तावना प्रस्तुत किए। संचालन भाजपा जिला महामंत्री प्रेम लाल साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्रीवासिक साहू ने कहा कि ओ बी सी समाज देश ओर विदेश में गौरव का विषय बन चुका है।

पेज 11 का शेष

### विकास कार्यों को ...

कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, जिला पंचायत, क्रेडा (पीएम सूर्य घर योजना), महिला एवं बाल विकास, लोक सेवा केंद्र और प्राथमिक सहायता केंद्र सहित कई विभागों के स्टालों का भ्रमण किया।







## खबर संक्षेप



### 29 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 29 मकानहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना घटक के तहत लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया हैं। ऐसे 29 हितग्राहियों को सभागार कक्ष में लाटरी निकालकर पर्ची सौंपा गया। समान्य वर्ग को 25 मकान एवं वरिष्ठ दिव्यांगजनों को 4 भूतल का मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्ववयाधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### 17 अक्टूबर को भिलाई निगम की सामान्य सभा

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम की सामान्य सभा 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रखी गई है। निगम के सभागार में आयोजित सामान्य सभा में पूर्व में तय एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। इस बार की सामान्य सभा काफी हंगामेदार हो सकती है। विपक्षी पार्षदों ने कई मुद्दों पर बात रखने की तैयारी की हुई है।

### पुलिस ने जब्त किया 10 हजार नशीली टेबलेट का जखीरा, 5 आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 हजार से अधिक नशीली टेबलेट को जब्त किया है। जिन आरोपियों को पकड़ा गया है उनके तार उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की बिक्री के खिलाफ छेड़े गये अभियान के तहत दुर्ग कोतवाली पुलिस को अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाईयां बिक्री करने वालों को पकड़ने में सफलता मिली है। उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि जिला अस्पताल दुर्ग स्थित मर्चुरी के पास तीन व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाईयां (कैप्सूल) रखकर बिक्री के लिये ग्राहक तलाश कर रहे हैं। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर उन लोगों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रेम सिंह, रवि कुमार शर्मा, उमेश कुमार कश्यप बताया। आरोपियों के पास से ट्रामाडोल कैप्सूल 160 पत्ता, प्रत्येक पत्ता में 24 नग कैप्सूल कुल 3840 नग, 2 नग स्मार्ट फोन को जप्त किया। गिरफ्तार आरोपियों की निसानदेही पर दो अन्य आरोपी आसिफ मोहम्मद व शाहिद कुरैशी को जामुल सब्जी बाजार के पास से पकड़कर उनके कब्जे से 250 पत्ता नशीली कैप्सूल, प्रत्येक पत्ता में 24 नग कैप्सूल, कुल 6,000 नग कैप्सूल व 2 स्मार्ट फोन जप्त किया गया। इस प्रकार पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 9840 नग ट्रामाडोल कैप्सूल व 4 स्मार्ट फोन जप्त किया गया।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

# नवागढ़ में कौशल विकास यात्रा और एआई लिटरेसी मिशन का आयोजन

## आईसेक्ट स्टेट ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

आईसेक्ट स्टेट ऑफिस, भोपाल के तत्वाधान में आयोजित कौशल विकास यात्रा 2025 और एआई लिटरेसी मिशन का कार्यक्रम गुरुवार को नवागढ़ क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों — केआरडी कॉलेज नवागढ़ और इंडियन पब्लिक स्कूल, नवागढ़ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डिजिटल स्किल्स और भविष्य की तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आईसेक्ट स्टेट ऑफिस, रायपुर से आशीष मशीह, दुर्ग रीजनल ऑफिस से एसपी तिवारी और आशीष बेलचंदन, एआई विशेषज्ञ किशोर कुमार और एस. दिनेश राव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा और रोजगार जगत की सबसे महत्वपूर्ण तकनीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वही विद्यार्थी आगे बढ़ेंगे जो डिजिटल और तकनीकी शिक्षा से जुड़ेंगे।



**ग्लोबल कंप्यूटर एजुकेशन, नवागढ़ का योगदान :** दोनों कार्यक्रमों का संचालन ग्लोबल कंप्यूटर एजुकेशन, नवागढ़ द्वारा किया गया। संस्थान ने एआई अवेयरनेस और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान संचालक प्रदीप साहू ने कहा – हमारा उद्देश्य हर युवा को 'कौशल युक्त और तकनीक सक्षम' बनाना है। नवागढ़ के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में आगे रखना हमारी प्रतिबद्धता है।

### कॉलेज में पहला सत्र

यात्रा का पहला चरण केआरडी कॉलेज, नवागढ़ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्मल कुमार द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एआई तकनीक से संबंधित सवाल पूछे। ग्लोबल कंप्यूटर एजुकेशन, नवागढ़ के संस्थान संचालक प्रदीप साहू ने कहा – आईसेक्ट द्वारा चलाई जा रही कौशल विकास यात्रा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और भविष्य के लिए तैयार करने का मंच है। हमारा लक्ष्य है कि नवागढ़ का हर विद्यार्थी एआई और डिजिटल शिक्षा में दक्ष बने। के.आर.डी. कॉलेज, नवागढ़ के प्राचार्य गिरीश कांत पांडे और निर्मल कुमार का विशेष सहयोग रहा।

**इंडियन पब्लिक स्कूल, नवागढ़ में दूसरा सत्र :** कार्यक्रम के दूसरे चरण में यात्रा इंडियन पब्लिक स्कूल, नवागढ़ पहुँची। विद्यार्थियों को एआई लिटरेसी मिशन के अंतर्गत जानकारी दी गई। विद्यालय संचालक दिव्यम प्रसाद शुक्ला का स्वागत स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर किया गया। एआई विशेषज्ञ किशोर कुमार और एस. दिनेश राव ने विद्यार्थियों को बताया कि भविष्य के हर क्षेत्र -शिक्षा, उद्योग, कृषि और स्वास्थ्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े होंगे। विद्यार्थियों ने एआई और डिजिटल इंडिया मिशन से संबंधित कई प्रश्न पूछे।

## वन-टू-वन चर्चा कर कांग्रेस के चुनाव प्रभारी ने दूसरे दिन भी जानी कार्यकर्ताओं की राय

# लंबे समय बाद कांग्रेस में दिखी सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बहु प्रतीक्षित संगठन सृजन अभियान के तहत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलन क्षेत्र के पर्यवेक्षक महाराष्ट्र रामटेक के सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे का दूसरे दिन भी प्रवास पर रहकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर नए जिला अध्यक्ष के संभावित नाम की तलाश में जुट रहे। दूसरे दिन पर्यवेक्षकजनों ने बेमेतरा ओर नवागढ़ क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने उनका जोशीला स्वागत किया।

सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे ने कार्यकर्ताओं के बीच विचार व्यक्त करते हुए बताया कि कांग्रेस नेतृत्व ऊपर से नीचे तक संगठन मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। इसी कड़ी में सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुसार पदाधिकारियों की टीम तैयार किया जाना है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समक्ष रखेंगे। संगठन की मजबूती और नए कप्तान चुनने पर्यवेक्षको के प्रवास के दौरान कांग्रेसजनों में काफी उत्साह देखा गया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की विधानसभा चुनाव के बाद से संगठनात्मक गतिविधियां थम सी गई है थी वहीं कार्यकर्ता मायूसी से भी जूझ रहे हैं। लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा लिए गए संगठन चुनाव में जमीनी स्तर से फीडबैक लेने के निर्णय का असर कांग्रेस की बैठकों में नजर आ रहा है और इस दौरान उम्मीद से अधिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रह रही है।





### वर्तमान अध्यक्ष आशीष ने जताई दावेदारी, सौंपा आवेदन

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने राजीव भवन में कांग्रेसजनों से रायशुमारी करने पहुंचे पर्यवेक्षक एवं सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के लिए आवेदन पत्र देकर दावेदारी जताई। हालांकि कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष के लिए बताया जा रहा है कि आधा दर्जन नेताओं ने आवेदन देकर दावेदारी की है जिनमें सर्वाधिक दावेदारी नवागढ़ क्षेत्र से किया गया है। हालांकि कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि इस बार बड़े नेताओं के हिसाब से ना होकर पार्टी आलाकमान के दिए के आधार पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनने की इच्छा रखने वाले नेताओं से एक खास फार्मेंट वाले आवेदन में जानकारी ली जा रही है। इस आवेदन में कुल 11 सवाल शामिल किए गए हैं। जिसमें आवेदनकर्ता से उसके द्वारा संभाले गए पद से लेकर कांग्रेस में कब से जुड़े हैं, जैसे सवाल शामिल हैं। कांग्रेसी सूत्रों से मिली जानकारी जिन दावेदारों ने आवेदन जमा किए हैं, उनके बारे में अब कार्यकर्ता और अन्य क्षेत्र के लोगों से फीडबैक भी लिया जाएगा।

# दो बाइक में भिड़ंत, 4 साल की मासूम की मौत, मां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- मुंगेली–बेमेतरा हाईवे पर हुआ हादसा

क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार दोपहर मुंगेली–बेमेतरा हाईवे पर एक हादसे में 4 साल की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना लोगों में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर रही है।

मुंगेली जिला के नेवासपुर निवासी आनंद सप्रे 28 अपनी पत्नी रामेश्वरी 26 और बेटी के साथ इलाज के लिए लिटिपुर जा रहे थे। ग्राम झाल के पास दोपहर करीब 12.30 बजे उनकी बाइक का आमने-सामने टक्कर एक अन्य बाइक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

घटना में रामेश्वरी भी गंभीर रूप से घायल हुईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नवागढ़ सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिफर कर दिया गया। सामने वाली बाइक और उसके सवार का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बच्ची का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### लगातार दो दिनों में दूसरी सड़क दुर्घटना

इस दर्दनाक हादसे से ठीक एक दिन पहले, बुधवार की शाम नवागढ़ शहर में एसडीएम कार्यालय के सामने दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### युवा वर्ग की लापरवाही और नियमों की अनदेखी

स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार नवागढ़ शहर और हाईवे पर ओवरस्पीड, ट्रिपल सवारी, नशे में ड्राइविंग और युवा वर्ग द्वारा बाइक हवा में उड़ा कर राइडिंग जैसी लापरवाह हरकतें आम हो गई हैं। यही लगातार होने वाले हादसों की बड़ी वजह बनी हैं।

# सामाजिक अंकेक्षण से पहले डीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जिला बेमेतरा के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में 22 अक्टूबर को आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत होने वाली सामाजिक अंकेक्षण का जिला शिक्षा अधिकारी जीके रात्रे द्वारा निरीक्षण किया किया। इसके अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय साजा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय डोंगितराई का निरीक्षण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित टूल्स के आधार पर विद्यार्थी, विद्यालय एवं शिक्षकों की अधिगम उपलब्धियों के स्तर का निरीक्षण किया गया, जिसके अंतर्गत पुस्तक पठन पाठन, सरल गणितीय अवधारणा एवं संक्रियों का ज्ञान, ग्लोब का ज्ञान, सजीव निर्जीव वस्तुओं का ज्ञान, इंग्लिश में छोटे छोटे शब्दों का ज्ञान एवं वाक्य निर्माण की क्षमता विकास पर बच्चों से प्रश्न पूछा गया। विद्यालय एवं शिक्षक से संबंधित निरीक्षण में शाला में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ परिसर, बालक एवं बालिका शौचालय की स्थिति, गुणवत्ता युक्त मध्यान भोजन, मुस्कान पुस्तकालय की उपयोगिता, इको क्लब की क्रियाशीलता, किचन गार्डन की उपलब्धता, एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण की स्थिति एवं शत प्रतिशत एंट्री, वार्षिक कैलेंडर अनुसार पाठयक्रम निर्धारण एवं अध्यापन, शिक्षक पालक सम्मेलन का समयानुरूप आयोजन, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति एवं कक्षा अध्यापन, नवाचारी गतिविधियों में भागीदारी, प्रतियोगी परीक्षा इंस्पायर अवार्ड हेतु किए गए प्रयास का निरीक्षण किया गया।

### कार्तिक में भजन कीर्तन से मिलता है मोक्ष : अन्नपूर्णा वैष्णव



**थान खमरिया।** कार्तिक मास के प्रारंभ में राधा कृष्ण जमात मंदिर में कार्तिक महत्व पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। दंतेश्वरी महिला मानस मंडली, महिला स्व सहायता समूह के संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। यह कीर्तन का आयोजन हर माह पूर्णिमा को होता है। भजन के पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा वैष्णव ने बताया कार्तिक मास वर्ष के सबसे पवित्र और आध्यात्मिक रूप में शुभ महीनों में से एक माना जाता है। इस महीने का नाम भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र और दिव्य देवताओं के सेनापति कार्तिकेय के नाम पर रखा गया है। उन्होंने बताया भगवान कार्तिकेय की उत्पत्ति भयंकर राक्षस तारकासुर का वध करने के लिए हुई थी। इस मौके पर संतोषी कुंभकार, लक्ष्मी सिन्हा, मीना नामदेव, गोदावरी मिश्रा, निर्मला सिन्हा, रेखा शर्मा, ममता यादव, कौशल्या निषाद, सावित्री शर्मा उपस्थित थे।

# महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने अपने ही पार्टी के नेता पर लगाया अभद्रता और धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नांदघाट

- एफआईआर दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

नांदघाट में कांग्रेस की आंतरिक बैठक के दौरान विवाद का मामला सामने आया है। ग्राम कटई निवासी बेलारानी सोनी जो महिला कांग्रेस की ब्लॉक उपाध्यक्ष हैं, ने पार्टी के ही नेता विजय यादव पर अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद कांग्रेस नेत्री बेलारानी सोनी ने थाना नांदघाट पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 296, 352 और 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर सोमवार शाम नांदघाट बस स्टैंड स्थित सेन समाज भवन में कांग्रेस की बैठक चल रही थी। इसी दौरान किसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच बहस बढ़ गई।

बेलारानी सोनी का आरोप है कि बैठक के बीच विजय यादव ने सार्वजनिक रूप से उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया और धमकी दी कि वह अकेले में कुछ भी कर सकता है। थाना प्रभारी ने अपराध कायम किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक भुनेश्वर यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिला कांग्रेस कमेटी भी आंतरिक स्तर पर इस घटना की जानकारी जुटा रही है ताकि मामले का निष्पक्ष समाधान निकाला जा सके।

# 25 वीं राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में भूपेंद्र को मिला गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



दृढ़ संकल्प और दृढ़ता सफलता के मार्ग प्रशस्त करता है। इस कहावत चरितार्थ करते हुए लगन व मेहनत से सफलता पथ पर डंका बजाते हुए उच्चतर माध्यमिक शाला मगरघटा संकुल मगरघटा विकासखंड नवागढ़ मर्ज शाला कक्षा सातवीं के छात्र भूपेंद्र चंदेल पिता भागवत चंदेल ने संस्था व गांव का नाम रौशन करते हुए 25 वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा में अपना स्थान बनाया। लक्ष्य निर्धारित कर अपना रास्ता तय करके समय का प्रबंधन व सदुपयोग लगातार प्रयास आत्म विश्वास के साथ स्पर्धा मे उतरा एवं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का मार्ग प्रशस्त किया खेल व व्यायाम शिक्षक श्रीकांत यादव के गाइडेन्स मे निरन्तर मेहनत कर राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती प्रतिस्पर्धा मे पहुंचा। संस्था के प्रभारी प्राचार्य संजय त्रिवेदी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मगरघटा व स्टॉफ ने छात्र व कोच यादव को बधाई शुभकामनायें प्रदान किया गया। साथ ही संकुल समन्वयक रामकुमार वर्मा संकुल मगरघटा, पूर्व माध्य स्टॉफ व शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा स्टॉफ व ग्राम पंचायत सरपंच ने बधाई दी। निरन्तर आगे बढ़ते रहने की शुभकामनायें दिये।

## 3 दिनों में 17 सिजेरियन ऑपरेशन निःशुल्क सफलता पूर्वक किया गया

# जिला चिकित्सालय में सिजेरियन डिलीवर सेवा पुनः चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सभी प्रसूति एवं स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से पुनः संचालित : डॉ. लोकेश

जिला चिकित्सालय से एक राहत भरी खबर आ रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, यानी एन एच एम संविदा कर्मियों की हड़ताल में होने से स्वास्थ्य सेवा प्रभावित था, जिसमें सिजेरियन ऑपरेशन भी बंद किया गया था, जो कि हड़ताल समाप्त होने के बाद अब जिला चिकित्सालय में फिर से हितग्राहियों को गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने सिजेरियन ऑपरेशन शुरू हो गए हैं।

इसके साथ ही सभी प्रसूति एवं स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से संचालित हो गई हैं। उक्त जानकारी जिला चिकित्सालय बेमेतरा से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू ने बताया उन्होंने कहा अब ऑपरेशन कक्ष का कल्चर टेस्ट करवाने रिजल्ट सही आने पर उपलब्ध सुविधानुसार सिजेरियन ऑपरेशन के साथ समस्त प्रभावित स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। हितग्राही इनका लाभ सेवा जिला चिकित्सालय में आकर ले सकते हैं।



विभाग से जानकारी अनुसार, 8 अक्टूबर डॉ. विभा बर्मन, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने कुल 6 एलएससीएस निःशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए। वहीं विगत तीन दिनों में कुल 17 सिजेरियन ऑपरेशन सफलता पूर्वक शासन द्वारा उपलब्ध निःशुल्क सेवा प्रदान तहत संपन्न हो चुके हैं जो कि उच्चोखिम प्रसव स्तर के थे। इसमें एक हितग्राही का जिनका पूर्व में सीटीटी ऑपरेशन हुआ था उनका री ओपन सर्जरी के माध्यम से भी किया गया है।

इस सिजेरियन ऑपरेशन कार्य में जिला चिकित्सालय से डॉ. एसपी कोसरिया स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अल्का साहू स्त्री रोगी विशेषज्ञ, डॉ. अमिताभ साहू एनेस्थीसिया, मेट्रन रेखा कविलास, रुखमणी साहू नर्सिंग ऑफिसर, ट्विंकल साहू नर्सिंग ऑफिसर, धीवदास ओ टी टेक्नीशियन, तोषन साहू ओ टी अटेंडेंस, रागिनी यदु ओ टी सहायक, कृष्णा साहू ओ टी सहायक और राम यादव सपोर्टर सभी का विशेष योगदान रहा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अब सभी प्रसूति एवं स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से संचालित हो गई हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411